# टीएमसी के कुशासन का होगा खात्मा

## कोलकाता के संवाददाता सम्मेलन में अमित शाह बोले- बीजेपी दो तिहाई से बनाएगी सरकार

**कोलकाता/नई दिल्ली, 30 दिसंबर. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में जनता तृणमूल कांग्रेस सरकार के कुशासन से त्रस्त है और बदलाव चाहती है, राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को दो तिहाई बहुमत से जीत मिलेगी.**



राज्य के दौरे पर आये अमित शाह ने कोलकाता में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ममता बनर्जी के 14 साल के कुशासन से त्रस्त और तंग आकर खात्मा का मन बना चुकी है. उन्होंने कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा, उद्यमों के राज्य से बाहर भागने, प्रति व्यक्ति आय में कमी समेत तमाम मुद्दों पर ममता सरकार को घेरा. शाह ने विश्वास जताया आगामी चुनाव में जनता भय, भ्रष्टाचार और घुसपैठ को बढ़ावा देने वाली तृणमूल कांग्रेस को दरकिनार कर विकास, विरासत और गरीब कल्याण के लिये एक मजबूत सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है.

### जीत का दावा

राज्य में 34 वर्षों तक राज करने वाला कम्युनिस्ट गठबंधन को एक भी सीट नहीं मिली है और हमारी पार्टी विपक्ष की भूमिका में है. श्री शाह ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने 39 प्रतिशत वोट प्राप्त किए और 12 सीटें प्राप्त कीं. उन्होंने दावा किया कि 2026 में हम निश्चित रूप से प्रचंड बहुमत के साथ बंगाल में भाजपा की सरकार बनाने वाले है. श्री शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सीमा से हो रही घुसपैठ सिर्फ बंगाल का नहीं यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है.

### चुनाव से पहले जनसंपर्क अभियानों पर फोकस

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी रणनीतिक तैयारियों को धार देना शुरू कर दिया है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार रात कोलकाता पहुंचे और दमदम हवाई अड्डे से सीधे भाजपा के सॉल्ट लेक स्थित राज्य कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने करीब एक घंटे तक चली बंद कमरे की बैठक की अध्यक्षता की. इस बैठक में राज्य भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ बंगाल के प्रभारी केंद्रीय नेता भी मौजूद रहे. हालांकि बैठक पूरी तरह गोपनीय रही, लेकिन पार्टी सूत्रों के अनुसार इसका मुख्य उद्देश्य चुनावी रणनीति को और मजबूत करना था. अमित शाह ने संगठन की मौजूदा स्थिति, जनाधार और आगामी अभियानों की प्रगति को लेकर विस्तार से जानकारी ली. इस बैठक में राज्य में प्रस्तावित रोड शो, जनसभाओं और राज्यव्यापी रथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की. सूत्रों का कहना है कि गृह मंत्री ने सदस्यता अभियान, मंडल स्तर की पदयात्राओं और बूथ प्रबंधन पर गहन सवाल किए. उन्होंने नेताओं से यह भी पूछा कि जमीनी स्तर पर पार्टी की मौजूदगी कैसी है.

# अरविंद केजरीवाल बोले- शिक्षक पढ़ाएं या सड़कों पर कुत्ते गिनेंगे

**शिक्षकों से कुत्ते गिनवाने के आदेश पर उठाए सवाल**

**नई दिल्ली, 30 दिसंबर. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर दिल्ली के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को लेकर तीखा हमला बोला है.**



उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए सवाल उठाया कि दिल्ली में सरकारी स्कूलों के शिक्षक बच्चों को पढ़ाएंगे या फिर सड़कों पर कुत्ते गिनेंगे केजरीवाल ने कहा भाजपा सरकार का यह आदेश उसकी सोच और प्राथमिकताओं को बेनकाब करता है. उनके मुताबिक भाजपा के लिए शिक्षा कोई मुद्दा ही नहीं है और शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कामों में उनका अपमान किया जा रहा है, जिससे स्कूल व्यवस्था बर्बाद हो रही है. उन्होंने दावा किया आप की सरकार थी, तब शिक्षकों को सम्मान दिया गया.

# पाकिस्तानी आर्मी चीफ मुनीर ने सगे भतीजे से करवाई बेटी की शादी

**इस्लामाबाद.** सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने अपनी तीसरी बेटी की शादी अपने ही परिवार में की है. उन्होंने अपनी बेटी महनूर की शादी अपने भाई कासिम मुनीर के बेटे कैप्टन अब्दुल रहमान से कराई है. रिपोर्ट्स के मुताबिक यह शादी 26 दिसंबर को रावलपिंडी में हुई. चूंकि यह एक निजी कार्यक्रम था, इसलिए शादी की कोई तस्वीर सार्वजनिक नहीं की गई. अब्दुल रहमान पहले पाकिस्तान सेना में कैप्टन के पद पर तैनात थे. बाद में उन्होंने सिविल सर्विस ज्वाइन की, जहां वे अब सेना अधिकारियों के लिए आरक्षित कोटे के तहत असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर कार्यरत हैं.

# घर में कैद रिटायर्ड रेलकर्मी की भूख से मौत

## कमजोर मिली मेंटली चैलेंज्ड बेटी, नौकर पति-पत्नी ने रखा था बंद

**महोबा, 30 दिसंबर. जिले में एक रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी और उनकी मेंटली चैलेंज्ड बेटी को पांच साल तक घर में कैद रखा गया.**

इस अमानवीयता के कारण कर्मचारी की मौत हो गई. जबकि उनकी बेटी की हालत ऐसी हो गई कि उनका शरीर सिर्फ हड्डियों का ढांचा बनकर रह गया. ये मामला सोमवार को उस वक्त सामने आया, जब परिवार को ओमप्रकाश की मौत की सूचना मिली. जब रिश्तेदार घर पहुंचे तो जो नजारा देखा, वो स्तब्ध कर देने वाला था. ओमप्रकाश का शरीर बेहद कमजोर दिख रहा था. रश्मि को एक अंधेरे कमरे में संदिग्ध अवस्था में पाया गया, वो बेहोशी



की हालत में थी. परिवार वाले ओमप्रकाश को तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. फिलहाल परिवार रश्मि की देखभाल कर रहा है. रिश्तेदारों ने दोषी नौकर दंपति के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है.

पीड़ित ओमप्रकाश सिंह राठौर (उम्र 70) रेलवे में सीनियर क्लर्क के पद से रिटायर हुए थे. 2016 में पत्नी की मृत्यु के बाद, ओमप्रकाश अपनी 27 वर्षीय मानसिक रूप से अक्षम बेटी रश्मि के साथ अलग घर में रहने लगे. घर के कामकाज संभालने में मदद के लिए परिवार ने रामप्रकाश कुशवाहा और उनकी पत्नी रामदेवी को देखभाल करने के लिए रख लिया. ओमप्रकाश के भाई अमर सिंह ने बताया कि रामप्रकाश और रामदेवी ने धीरे-धीरे उनके घर पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया.

# 'अर्जेंट कॉल' पर दिल्ली छोड़ ढाका पहुंचे बांग्लादेश के हाई कमिश्नर

**नई दिल्ली, 30 दिसंबर. भारत-बांग्लादेश के संबंध नाजुक और तनावपूर्ण बने हुए हैं. इस बीच भारत में बांग्लादेश के हाई कमिश्नर रियाज हमीदुल्लाह को एक 'अर्जेंट कॉल' आया और वह रातोंरात बांग्लादेश वापस चले गए.**



भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों में हाल की स्थिति को देखते हुए नई दिल्ली में बांग्लादेश के हाई कमिश्नर एम रियाज हमीदुल्लाह को अर्जेंट बेसिस पर ढाका बुलाया गया. विदेश मंत्रालय के सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर इस अखबार को बताया कि हमीदुल्लाह सोमवार रात को बुलावे पर ढाका पहुंच गए हैं. बता दें कि भारत और बांग्लादेश के बीच हाल में रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं. कूटनीतिक टकराव का ये सिलसिला 2024 में शेख हसीना की सत्ता से बेदखली से ही शुरू हुआ है. हाल ही बांग्लादेश में हिन्दू युवक दीपू दास को जलाकर मार दिया था. इसके बाद दोनों देशों के संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए थे. वहीं बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के नेता उस्मान हादी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.

# राष्ट्रपति मुर्मू से सीएम हेमंत सोरेन की मुलाकात

**कार्तिक जतरा 2025 में शामिल होंगी राष्ट्रपति**

**रांची, 30 दिसंबर. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने मंगलवार सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से रांची स्थित लोकभवन (राजभवन) में मुलाकात की.**

यह मुलाकात शिष्टाचार भेंट के रूप में हुई, जिसमें सौहार्दपूर्ण वातावरण में औपचारिक बातचीत की गई. राष्ट्रपति के झारखंड प्रवास के दौरान इस भेंट को राज्य के राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है. सूत्रों के अनुसार, मुलाकात के दौरान राज्य से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर सामान्य चर्चा हुई. हालांकि आधिकारिक रूप से इसे शिष्टाचार भेंट बताया



गया है और किसी विशेष मुद्दे पर विस्तृत बातचीत की जानकारी साझा नहीं की गई है. राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के बीच इस तरह की मुलाकातें केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय और संवाद को दर्शाती हैं.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ विधायक कल्पना सोरेन भी इस अवसर पर मौजूद रहीं. राष्ट्रपति से उनकी यह भेंट औपचारिक होने के साथ-साथ सम्मान और अभिवादन का प्रतीक रही. लोकभवन में हुई इस मुलाकात के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने अगले कार्यक्रम के लिए गुमला जिले के लिए रवाना हो गईं. गुमला जिले के रायडीह प्रखंड में राष्ट्रपति एक अंतरराज्यीय जनसांस्कृतिक समागम 'कार्तिक जतरा' में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगी. यह कार्यक्रम क्षेत्रीय संस्कृति, लोककला और जनपरंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है.

# बीएमसी चुनाव में भाजपा 137, शिवसेना 90 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**मुंबई, 30 दिसंबर. भाजपा और शिवसेना ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों के लिए सीट बंटवारे के फार्मूले को अंतिम रूप दे दिया है.**

समझौते के अनुसार, बीएमसी के 227 वार्डों में से भाजपा 137 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि शिवसेना 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. दोनों पार्टियां अपने-अपने कोटे से सहयोगियों को भी सीटें आवंटित करेंगी. यह निर्णय सोमवार रात उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आधिकारिक निवास नंदनवन बंगले में आयोजित एक संयुक्त बैठक के दौरान लिया गया. समझौते की घोषणा मंगलवार को भाजपा मुंबई इकाई अध्यक्ष अमित साटम और शिवसेना नेता और पूर्व सांसद राहुल शेवाले ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में की. श्री साटम ने दावा किया कि मुंबई की पहचान बदलने की कोशिश करने वाली ताकतों को हराया जाएगा और विकास के साथ-साथ शहर की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी. श्री शेवाले ने कहा कि यह समझौता सकारात्मक माहौल में तय हुआ है और दोनों पार्टियां बीएमसी में %भगवा शासन% स्थापित करने के लिए सामूहिक रूप से लड़ेंगी. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी इस समझौते की पुष्टि की और कहा कि गठबंधन के अन्य भागीदारों को भी इसी व्यवस्था के भीतर समायोजित किया जाएगा.

# युवाओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करना लक्ष्य

**सीएम नीतीश ने विज्ञान सिटी को बताया अनूठा और आधुनिक**

**पटना, 30 दिसंबर. बिहार में विज्ञान और नवाचार को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी का निर्माण विशेष रूप से युवा वर्ग के बीच विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है.**

पटना के राजेन्द्र नगर में निर्मित यह साइंस सिटी आधुनिक तकनीक, रोचक वैज्ञानिक प्रदर्शों और नवाचार आधारित अवधारणाओं का संगम है. मुख्यमंत्री ने मंगलवार को 21



एकड़ में फैली इस नवनिर्मित साइंस सिटी का निरीक्षण किया और यहां उपलब्ध विभिन्न गैलरियों, वैज्ञानिक प्रदर्शों तथा सुविधाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद किया और विज्ञान के प्रति उनकी जिज्ञासा और उत्साह की सराहना की. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि युवा वर्ग के बीच विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी का निर्माण किया गया है. मुख्यमंत्री ने पटना के राजेन्द्र नगर में 21 एकड़ भूमि पर निर्मित इस अत्याधुनिक साइंस सिटी के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया और यहां की सुविधाओं की सराहना की.

मुख्यमंत्री ने पूरे परिसर का भ्रमण किया और विज्ञान आधारित विभिन्न गैलरियों तथा वैज्ञानिक प्रदर्शों को ध्यानपूर्वक देखा. उन्होंने वहां मौजूद बच्चों से मुलाकात की, उनसे बातचीत की और विज्ञान के प्रति उनकी रुचि को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की. मुख्यमंत्री ने कहा कि यह साइंस सिटी विशिष्ट और नवाचारी विचारों के साथ विकसित की गई है, जो सभी आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित करने में सक्षम है.

### आज का इतिहास

- **1492** इटली के सिसली क्षेत्र से 100,000 यहूदियों को निकाला गया।
- **1600** ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना हुई।
- **1781** अमेरिका में पहला बैंक 'बैंक ऑफ नॉर्थ अमेरिका' में खुला।
- **1802** पेशवा बाजी राव द्वितीय ब्रिटिश संरक्षण में आए।
- **1857** क्वीन विक्टोरिया ने ओटावा को कनाडा की राजधानी घोषित किया।
- **1861** असम के चेरापूँजी में 22990 मिमि बारिश हुई जो विश्व में किसी भी स्थल पर होने वाली सर्वाधिक बारिश
- **1866** कृष्ण बल्लभ सहाय का जन्म। वह बिहार के मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी थे।

### एक नजर में



## लोगों के लिए 'ध्रुव-एनजी' की सौगात

**बेंगलुरु, 30 दिसंबर.** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने मंगलवार को बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में अगली पीढ़ी के नागरिक हेलिकॉप्टर ध्रुवका उद्घाटन किया. इस अवसर पर एचएएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. डीके सुनील भी मौजूद थे. नायडू ने उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर, ध्रुव-एनजी की पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो स्वदेशी हेलीकॉप्टर का एक नागरिक संस्करण है, जिसे एचएएल ने 2025 एयरो इंडिया शो में प्रदर्शित किया था. 'ध्रुव-एनजी' हेलीकॉप्टर से आम नागरिक उड़ान भर सकेंगे. इसी के साथ मेडिकल इमरजेंसी, पर्यटन और आपदाओं में इसका इस्तेमाल किया जाएगा.

## रेहान वाड्रा-अवीवा बेग की सगाई की चर्चा

**नई दिल्ली, 30 दिसंबर.** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा एक बार फिर चर्चा में हैं. इस बार वजह उनकी निजी ज़िंदगी है. मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि रेहान की लंबे समय से गर्लफ्रेंड रहीं अवीवा बेग से सगाई हो गई है. हालांकि इस खबर को लेकर अब तक गांधी या वाड्रा परिवार की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. रेहान वाड्रा और अवीवा बेग की सगाई को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चाएं तेज़ हो गई हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों पिछले सात वर्षों से रिलेशनशिप में हैं और हाल ही में परिवार के बेहद करीबी लोगों की मौजूदगी में सगाई समारोह आयोजित किया गया. हालांकि, यह भी साफ किया गया है कि इस खबर की आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हुई है.

## ईरान में महंगाई के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन

**तेहरान.** ईरान में बढ़ती महंगाई और मुद्रा संकट के खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतर आए. यह पिछले तीन साल में सबसे बड़ा प्रदर्शन बताया जा रहा है. इस बीच सेंट्रल बैंक के प्रमुख मोहम्मद रजा फरजिन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया. राजधानी तेहरान के सादी स्ट्रीट और ग्रैंड बाजार इलाके में व्यापारियों और दुकानदारों ने प्रदर्शन किया. कई जगहों पर दुकानें बंद रहीं, जिससे कारोबार ठप हो गया. ईरान की मुद्रा रियाल डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई. इससे खाने-पीने की चीजों और रोजमर्रा के सामान की कीमतें और बढ़ गईं. दिसंबर में महंगाई दर 42 फीसदी से ज्यादा रही, जबकि खाने की चीजों की कीमतें 70 फीसदी से अधिक बढ़ चुकी हैं.

# ये साल सुको के महत्वपूर्ण फैसलों का रहा

**नई दिल्ली, 30 दिसंबर. उच्चतम न्यायालय के कुछ ऐतिहासिक फैसलों के साथ वर्ष 2025 का समापन हुआ. इनमें अरावली की परिभाषा तय करना और अधिकारियों को दिल्ली में बीएस-4 मानकों से नीचे के वाहनों को जब्त करने की छूट देना शामिल है.**

दूसरी ओर विधि मंत्रालय ने लगभग 50 पुराने कानूनों को इतिहास के पन्नों में समेट दिया, जिससे रोजमर्रा का कानूनी प्रशासन और सरल तथा जन-केंद्रित हुआ. मंत्रालय ने वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्रों (एडीआर) को तेज करके लंबित मामलों को कम करने के भी सराहनीय प्रयास किये. मंत्रालय ने इस साल न्यायपालिका के प्रति उदार रुख अपनाते हुए खुद सरकार द्वारा दायर किये गये बड़ी संख्या में लंबित मामलों को वापस ले लिया. ज्ञात हो कि अदालतों में सरकार सबसे बड़ी वादी है. अरावली के मामले में, उच्चतम न्यायालय ने पर्यावरणविदों की उस चिंता पर ध्यान दिया जिसमें आरोप लगाया गया था कि सरकार ने चतुराई से नियमों में बदलाव किया है ताकि खनन कंपनियां इस पर्वत श्रृंखला में खनन कर सकें. न्यायालय ने अपने पुराने आदेश को पलट दिया जिसमें पिछली समिति की रिपोर्ट को स्वीकार किया गया था और इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को वैसी पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता नहीं है जैसी उच्च पहाड़ियों को है. न्यायालय ने इस विषय पर विशेषज्ञों की अपनी




एक नयी समिति बनाने का निर्देश दिया है. प्रदूषण की मार झेल रहे दिल्लीवासियों की नाराजगी और बेबसी के बीच, चौतरफा आलोचनाओं का सामना कर रही दिल्ली सरकार ने न्यायालय से गुहार लगाई कि बीएस-4 से पुराने वाहनों पर की जाने वाली कार्रवाई पर लगी रोक हटायी जाए. न्यायालय ने इसकी अनुमति दे दी. एक मामले में, उच्चतम न्यायालय ने पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने से परहेज किया, लेकिन दिवाली पर निर्धारित घंटों के दौरान प्रमाणित ग्रीन पटाखों के सीमित उपयोग की अनुमति दी. कुख्यात निठारी कांड में एक और नया मोड़ आया जब न्यायालय ने मुख्य आरोपी सुरेंद्र कोली को हत्या और कथित तौर पर बच्चों का मांस खाने के आरोप के मामले में किसी विश्वसनीय साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया.

### पेचीदा मामला भी आया

इससे पहले सह-आरोपी मोनिंदर पंढेर को भी बरी कर दिया गया था. कार्यपालिका बनाम न्यायपालिका का एक पेचीदा मामला भी इस वर्ष उच्चतम न्यायालय के सामने आया. इसमें मुख्य मुद्दा यह था कि क्या न्यायालय किसी राज्यपाल को किसी विधेयक (बिल) पर निर्णय लेने का आदेश दे सकती है, जिसे राज्यपाल ने अपने विवेक से रोक कर रखा हो. इस मामले में अनुच्छेद 200 और 201 पर राष्ट्रपति संदर्भ के माध्यम से भी राय मांगी गई थी. राष्ट्रपति यह जानना चाहते थे कि क्या अदालतें राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिये विधेयक पर अपनी सहमति देने की समय-सीमा तय कर सकती हैं. न्यायालय ने फैसला सुनाया कि संवैधानिक अधिकारियों को उचित रूप से कार्य करना चाहिए, लेकिन अदालतें उन पर समय-सीमा नहीं थोप सकतीं.

न्यायालय ने हालांकि ने यह भी कहा कि राज्यपाल के पास पूर्ण वीटो की शक्ति नहीं है और वे अनिश्चितकाल तक विधेयकों को रोक कर नहीं रख सकते. यह फैसला शक्तियों के पृथक्करण और संवैधानिक संतुलन की पुष्टि करता है. आवारा कुत्तों के काटने और हमले के शिकार पीडतों के परिवारों और पशु प्रेमियों के बीच चल रही कानूनी जंग भी उच्चतम न्यायालय पहुंची. न्यायालय ने स्कूलों, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थानों पर होने वाले आवारा कुत्तों के हमलों पर चिंता जतायी. न्यायालय ने आवारा कुत्तों को शिविरों में स्थानांतरित करने के साथ-साथ उनके नसबंदी और टीकाकरण के निर्देश दिए. जब न्यायालय ने पशु प्रेमियों से पूछा कि यदि वे इतने चिंतित हैं तो वे इन कुत्तों को गोद क्यों नहीं ले लेते, तो पशु प्रेमी रक्षात्मक मुद्रा में नजर आए. वक्फ बोर्ड से संबंधित मामले में, वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी, जिसमें धार्मिक बंदोबस्ती पर अत्यधिक सरकारी नियंत्रण का आरोप लगाया गया था.

# सेना और नौसेना को भारी तारपीड़ो मिलेंगे

**नई दिल्ली 30 दिसंबर. रक्षा मंत्रालय ने सेना के लिए क्लोज क्वार्टर बैटल (सी क्यू बी) कार्बाइन और नौसेना के लिए हेवी वेट तारपीडो की खरीद के 4,666 करोड़ रुपये के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं.**

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में इन अनुबंधों पर हस्ताक्षर किये गये. सेना और नौसेना के लिए सहायक उपकरणों के साथ लगभग 4 लाख 25 हजार सीक्यूबी कार्बाइन खरीदी जाएंगी और इसके लिए भारत फोर्ज लिमिटेड और पीएलआर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ 2,770 करोड़ रुपये का अनुबंध किया गया है. सी क्यू बी स्वदेशी, हल्की और कॉम्पैक्ट बंदूक है जिसे खास तौर पर नजदीकी लड़ाई और




आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए डिजाइन किया. यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के तहत पुरानी हथियार प्रणालियों को अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीक में बदलते हुए सैनिकों को विश्वस्तरीय मारक क्षमता से लैस करने के असाधारण व प्रयासों की परिणति है. सीक्यूबी आधुनिक पैदल सेना के शस्त्रागार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होने के नाते अपने कॉम्पैक्ट डिजाइन और ऊंची फायरिंग दर के माध्यम से नजदीकी युद्ध में निर्णायक बढ़त प्रदान करती है.

परियोजना समग्र अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा कलपुर्जों के निर्माण और कच्चे माल की आपूर्ति के माध्यम से भारतीय लघु इकाइयों को प्रोत्साहित कर स्वदेशी रक्षा उद्योगों को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. नौसेना की कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों के लिए 48 हेवी वेट तारपीड़ो तथा उनसे संबंधित उपकरणों की खरीद और एकीकरण के लिए इटली की कंपनी वास सबमरीन सिस्टम्स एस.आर.एल. के साथ लगभग 1,896 करोड़ रुपये का अनुबंध किया गया है. इस खरीद से कलवरी श्रेणी की छह पनडुब्बियों की युद्ध क्षमता में वृद्धि होगी.

**निधन** | **बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मो. यूनुस ने पीएम खालिदा जिया के निधन पर जताया दुख**

# बांग्लादेश ने अनुभवी और संरक्षक राजनेता खो दिया

**ढाका, 30 दिसंबर. बंग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने देश की पहली महिला प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि उनके निधन से देश ने एक अनुभवी और संरक्षक राजनेत्री को खो दिया है.**

श्री यूनुस ने सुश्री जिया के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, अपने अडिग नेतृत्व के माध्यम से उन्होंने देश को बार-बार अलोकतांत्रिक परिस्थितियों से मुक्त कराया. बंग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार ने पूर्व



प्रधानमंत्री जिया के समग्र योगदान पर कहा, बेगम खालिदा जिया केवल किसी राजनीतिक दल की नेता नहीं थीं. विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बुधवार को बांग्लादेश जाएंगे.

## पीएम मोदी, खरगे, राहुल ने भी जताया शोक







प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खालिदा जिया के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भारत बांग्लादेश के बीच संबंधों में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा. प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ. कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी नेता राहुल गांधी ने शोक व्यक्त किया. श्री खरगे ने सोशल मीडिया पर लिखा, कांग्रेस की ओर से मैं बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में उन्होंने देश की राजनीतिक यात्रा को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उन्होंने कहा उनके परिवार, समर्थकों और बांग्लादेश की जनता के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ। श्री गांधी ने एक्स पर लिखा, बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के निधन से दुखी हूं.

# बांग्लादेश में 12 दिन में तीसरे हिंदू की हत्या

**ढाका, 30 दिसंबर.** बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में एक कपड़ा फैक्ट्री के अंदर हिंदू कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बीते 12 दिनों में बांग्लादेश में हिंदू की हत्या की यह तीसरी घटना है। घटना सोमवार शाम करीब 6.45 बजे भालुका उपजिला की सुलताना स्वेटर्स लिमिटेड फैक्ट्री में हुई। मृतक की पहचान बजेंद्र बिस्वास (42) के रूप में हुई है, जो फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड था। आरोपी नोमान मिया (29) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों फैक्ट्री में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे। बातचीत के दौरान नोमान मिया ने सरकारी शॉटगन से बजेंद्र पर बायीं जांघ में गोली मार दी.